पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

नवनियुक्त मंत्री को शपथ दिलाये जाने के संबंध में पत्र लिखा

उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति एवं बोर्ड के नामित सदस्य के शपथ हेतु कार्यवाही करें - श्री नाईक

लखनऊः 06 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर नवनियुक्त मंत्री श्री जियाउद्दीन रिज़वी एवं उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के सदस्य पद पर नामित श्री श्रीप्रकाश सिंह के शपथ ग्रहण के संबंध में कृत कार्यवाही से अवगत कराने को कहा है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री का संज्ञान उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के अध्यक्ष के कार्यकाल समाप्त होने पर आकृष्ट करते हुए नये अध्यक्ष के चयन के संबंध में कार्यवाही के लिए भी कहा है। श्री कपिल देव जो कि बोर्ड के अध्यक्ष थे, का कार्यकाल 31 जुलाई, 2016 को समाप्त हो गया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व राज्यपाल ने 29 जुलाई, 2016 एवं 16 अगस्त, 2016 को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को नवनियुक्त मंत्री श्री जियाउद्दीन रिज़वी एवं उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के सदस्य पद पर नामित श्री श्रीप्रकाश सिंह के अब तक शपथ नहीं ग्रहण किये जाने के कारणों से अवगत कराने को कहा था। राज्यपाल ने नवनियुक्त मंत्री एवं बोर्ड के सदस्य के शपथ ग्रहण के संबंध में राज्य सरकार द्वारा किये गये प्रयास से भी अवगत कराने को कहा था।

ज्ञातव्य है कि 27 जून, 2016 को मंत्रिमण्डल विस्तार समारोह में 5 नवनियुक्त मंत्रियों/राज्यमंत्रियों में से 4 मंत्रियों/राज्यमंत्रियों को राज्यपाल द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी थी। नवनियुक्त मंत्री श्री जियाउद्दीन रिज़वी विदेश में होने के कारण शपथ ग्रहण नहीं कर सके थे। इसी प्रकार 14 जुलाई, 2016 को उत्तर प्रदेश नगर पालिका वित्तीय संसाधन विकास बोर्ड के नवनियुक्त 4 सदस्यों में से केवल 3 सदस्यों ने ही राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शपथ ग्रहण की। श्री श्रीप्रकाश सिंह द्वारा समारोह में उपस्थित होते हुए भी 'अपरिहार्य कारण' से शपथ ग्रहण नहीं की गयी थी।

अंजुम/ललित/राजभवन (319/11)